घर-घर औषधि योजना

drishtiias.com/hindi/printpdf/ghar-ghar-aushdhi-yojna

चर्चा में क्यों?

25 अक्तूबर, 2021 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक मुनीश कुमार गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार एवं वन विभाग की महत्त्वपूर्ण **घर-घर औषधि योजना** के प्रथम वर्ष के पौधे वितरण कार्य में उदयपुर संभाग अव्वल रहा है। इसने शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

प्रमुख बिंदु

- मुनीश कुमार गर्ग ने बताया कि घर-घर औषधि योजना के पौध वितरण में उदयपुर संभाग के सभी ज़िलों में 100 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की गई है।
- बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद, उदयपुर और उदयपुर नॉर्थ ने आवंटित लक्ष्य के अनुरूप औषधीय वितरित किये हैं।
- भरतपुर संभाग ने 81 प्रतिशत और अजमेर संभाग ने 80 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य अर्जित किया। जयपुर संभाग ने 76 प्रतिशत और कोटा संभाग द्वारा 74 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। कुल मिलाकर राज्य में 50 लाख किट्स वितरित की गई हैं। यह वर्तमान वर्ष के कुल लक्ष्य का लगभग 80 प्रतिशत है।
- उल्लेखनीय है कि घर-घर औषधि योजना की घोषणा राजस्थान बजट 2021-22 में की गई थी। इस योजना के तहत 5 जुलाई, 2021 से पौधों का वितरण प्रारंभ हुआ। राजस्थान वन-विभाग द्वारा इस योजना का संचालन किया जा रहा है।